**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

**पत्रांक** 5042 / क्रय-25 / 117 **दिनांक** 16-6-2026

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता, (ग्रामीण)
उ॰प्र॰ जल निगम, (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः दिनांक 13.06.2026 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र प्रकाशित नकारात्लक खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 13.06.2026 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर टंकी का कार्य अधूरा, पानी को तरस रहे ग्रामीण के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि खबर का संज्ञान लेते हुए जू0इं0 संजय चौरसिया एवं फर्म वी0एस0ए0 के इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सूरतगंज पेयजल योजना, विकास खण्ड सूरतगंज में पाइप लाइन-70 प्रति॰, शिरोपरि जलाशय-70 प्रति॰, बाउण्ड्रीवाल-100 प्रति॰, पम्प हाउस-100 प्रति॰ एवं 230 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है एवं योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी 4290 मी॰ रोड के सापेक्ष 3900 मी॰ रोड की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, अवशेष 390 मी॰ रोड को आवागमन हेतु बना दिया गया है। शीघ्र ही अवशेष रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया जाऐगा। योजनान्तर्गत सम्मिलित बीकेपुर ग्राम में पाइप लाइन की टेस्टिंग कराते हुए डी॰जी॰ के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की गयी थी। योजनान्लर्गत विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण न होने के कारण वर्तमान में जलापूर्ति बाधित है। शीघ्र ही विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण कराते हुए बीकेपुर ग्राम में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता


पृ॰सं॰ एवं दिनांक यथोपरि।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1-अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2-मुख्य अभियन्ता (ल॰क्षे॰), उ॰प्र॰ जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3-अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ॰प्र॰ जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4-जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5-मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6-जिला सूचना अधिकारी,बाराबंकी।
7-श्री अजय रंजन, सहा॰अभियन्ता।
8-श्री चिरंजीव पात्रा प्रोजेक्ट मैनेजर वी0एस0ए0 को इस निर्देश के साथ कि विद्युत सयोंजन का कार्य पूर्ण कराते हुए योजना में शीघ्र जलापूर्ति प्रारम्भ कराये।

अधिशासी अभियन्ता


Scanned with OKEN Scanner

# सूरतगंज में जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीण पानी को तरसे: एक साल में पूरा होना था काम, तीन साल से टंकी का निर्माण रुका

सत्यवान पाल | सूरतगंज
(फतेहपुर), बाराबंकी
3 दिन पहले



जल जीवन मिशन के तहत बन रही टंकी।




बाराबंकी जनपद के सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना अधूरी पड़ी है। भीषण गर्मी के बीच कई ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ रहा है।


जानकारी के अनुसार, सूरतगंज पंचायत के बीकेपुर गांव में वर्ष 2023 में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इस योजना का लक्ष्य गांवों में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था। शुरुआती चरण में पाइपलाइन बिछाने का काम तेजी से चला, जिससे ग्रामीणों में जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी थी।

हालांकि, योजना को एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाना था, लेकिन निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से पानी की टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है और कार्यस्थल पर कोई गतिविधि नहीं दिख रही है। परिणामस्वरूप, गांव के लोगों को आज तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।

जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए कई गांवों की सड़कों और गलियों की खुदाई की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। टूटी सड़कों के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

Scanned with OKEN Scanner


भीषण गर्मी के इस मौसम में अधूरी पड़ी यह योजना ग्रामीणों की चिंता का मुख्य कारण बनी हुई है। अधिकांश लोग आज भी हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि योजना समय पर पूरी हो जाती तो उन्हें स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलती और गर्मी में पानी की समस्या से काफी राहत मिलती।



इस संबंध में जल निगम के जूनियर इंजीनियर (जेई) संजय चौरसिया ने बताया कि बजट की कमी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अधूरी पड़ी पानी की टंकी के मामले में संबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाकर कार्रवाई की गई है। अब दूसरे ठेकेदार के माध्यम से निर्माण कार्य शुरू कराने की प्रक्रिया चल रही है। जेई के अनुसार, अगले महीने से पानी की टंकी सहित अन्य अधूरे कार्यों को पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि हर घर तक नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाने की योजना को जल्द धरातल पर उतारा जा सके।

**ग्रामीणों ने जल्द कार्य पूरा कराने की उठाई मांग**

ग्रामीण मनीष , जगेश , सुरेंद्र , रामू, सुनील, कमलेश ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। साथ ही पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत भी कराई जाए, ताकि लोगों को पेयजल और बेहतर आवागमन दोनों सुविधाएं मिल सकें।



Scanned with OKEN Scanner